09 श्यामपुर में 50 वर्ष से निवासरत 15 परिवार...



10 यह बड़ी समस्याः रक्तदान के लिए ...




## खबर संक्षेप

### एसएटीआई ने क्विज प्रतियोगिता की आयोजित

**विदिशा।** एसएटीआई विदिशा के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने बीआईएस के सहयोग से दो दिवसीय औद्योगिक भ्रमण व क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। 13 जुलाई को हुई क्विज प्रतियोगिता में 33 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें सादिया मसूर प्रथम रही। 14 जुलाई को 35 छात्र-छात्राएं अवध ट्रांसफार्मर, भोपाल का भ्रमण कर ट्रांसफार्मर निर्माण प्रक्रियाएं देखीं। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. शिल्पी तोमर ने किया, डॉ. मोनिका जैन व दीप्ति जैन मौजूद रहीं। निदेशक डॉ. वाई.के. जैन व अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन की सराहना की।

### विद्या इंटरनेशनल स्कूल ने स्थापना दिवस मनाया



**विदिशा।** विद्या इंटरनेशनल स्कूल गेहूंखेड़ी ने अपना तृतीया स्थापना दिवस अपने विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ केक काटकर एवं पौधरोपण कर मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र एवं छात्राओं ने पौधरोपण किया एवं पौधरोपण के महत्व को जाना । विद्यालय के संचालक अभिनय वर्मा ने बताया कि आज के इस प्रदूषित वातावरण में वृक्षों का क्या योगदान है यह हम सभी जानते हैं । इसलिए विद्यालय प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है कि हम प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस पर यूं ही पौधरोपण कर प्रकृति को हरा भरा रखने में विद्यालय का निरंतर योगदान देते रहेंगे ।

### 120 छात्र छात्राओं को जागरुक किया

**विदिशा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में जागरूकता कार्यक्रम जारी हैं। नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के शेरपुरा देहात स्थित कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में थाना प्रभारी विमलेश राय ने 150 छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। साकेत स्कूल में भी 120 छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। वहीं एसडीओपी सिरोंज सोनू डावर ने ग्राम बांसखेड़ी में 30-40 ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश दिया और पुलिस सहयोग की अपील की।


### राम अवतार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया

**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्री राम कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा व्यास पंडित संतोष शास्त्री ऋषि ने राम अवतार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नारद मोह प्रसंग और धर्म स्थापना हेतु राम जन्म की कथा सुनाई। श्री राम के अवतरण प्रसंग पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और नृत्य किया। मंच से बधाइयां प्रस्तुत हुईं। कार्यक्रम में संजीव शर्मा, लक्ष्मी नारायण दंडोतिया, विष्णु नामदेव, नर्मदा प्रसाद शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह राजपूत, मोहनलाल साहू, पप्पू साहू, राम गोपाल अग्रवाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जागरुकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया

**विदिशा।** गुलाबगंज में नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत थाना गुलाबगंज द्वारा जागरूकता मैराथन आयोजित की गई। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में हुई इस दौड़ में 100 से 120 प्रतिभागियों ने शासकीय स्कूल से बर्री चौराहे तक दौड़ लगाई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर मंत्री गोविंद रघुवंशी ने नेतृत्व किया। बाद में स्कूल मैदान में नशे के दुष्परिणामों पर जागरूक किया गया और नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस चरण में 30 से 40 लोगों ने भाग लिया। अभियान का उद्देश्य नशामुक्त समाज बनाना है।

## मौतों के बाद भी नहीं ले रहे सबक, जान से हाथ धोने का खेल खेल रहे नवयुवक



### फिसलन से होते हैं हादसे

**विदिशा।** चट्टानों से फिसलने के कारण हर साल हादसे होते हैं। विगत वर्ष भी भोपाल के तीन युवकों की कुंड में डूबने से मौत हुई थी। ऊंचाई इतनी अधिक थी की घंटों की मशक्कत के बाद युवकों के शवों को ऊपर लाया जा सका था। बारिश में झरनों की सुंदरता युवकों को लुभाती है। और युवा यहां पहुंचकर इतने उत्साहित हो जाते हैं कि जान से हाथ धो बैठते हैं।

## प्रतिबंधित क्षेत्रः हलाली और छोटी पचमढ़ी के मनोरम दृश्य बनते हैं हादसों का कारण

## प्रशासन ने चेतावनी बोर्ड तो लगाए, हादसे होने के बाद करते हैं सुरक्षा बल की तैनाती



### हादसों से पहले होना चाहिए बल की तैनाती

**विदिशा।** हलाली डैम के प्रतिबंधित क्षेत्र और छोटी पचमढ़ी में हरियाली से ढकी पहाड़ियां और झरने जितने खूबसूरत हैं उतने ही खौफनाक भी हैं। डैम का यह क्षेत्र प्रतिबंधित है। फिर भी सैकड़ों लोग यहां नहाने और पिकनिक मनाने परिवार सहित आ रहे हैं। डैम से 60 फीट की ऊंचाई से गिरता पानी और हरियाली की खूबसूरती हर साल खतरनाक साबित होती है। पानी का तेज बहाव और चट्टानों की फिसलन के कारण हर साल कई युवा जान गंवा देते हैं। प्रशासन और पुलिस ने यहां चेतावनी बोर्ड तो लगाए हैं लेकिन सुरक्षा बल तब तैनात किया जाता है जब कोई बढ़ा हादसा हो जाता है। प्रशासन को समय रहते ऐसे स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जानी चाहिए और प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंचने वालों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। जिससे ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**विदिशा।** हलाली डैम का छोटी पचमढ़ी क्षेत्र सहित रायसेन जिले के महादेव पानी पर भी बड़ी संख्या में शहर के युवा बारिश के मौसम में झरनों में नहाने पहुंच जाते हैं और मौज मस्ती के दौरान हादसों का शिकार होकर जान गवां रहे हैं। प्रतिबंधित क्षेत्र होने पर भी युवा जान दांव पर लगा रहे हैं।

### कलेक्टर ने हेलीपैड का किया निरीक्षण, वाटरप्रूफ पंडाल लगाया जाएगा

# सीएम मोहन यादव के कुरवाई दौरे की तैयारी में जुटे जिले के अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित दौरे के मद्देनज़र तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और समय पर पूरी हों, ताकि मुख्यमंत्री जी के दौरे का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित पात्र हितग्राही अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभास्थल पर वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही प्रदर्शनी लगाने की रूपरेखा तैयार कर उसमें संबंधित विभाग अपनी-अपनी उपलब्धियों और योजनाओं का प्रभावी प्रदर्शन करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि विभिन्न विभागों को जो जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, वे तय समयसीमा में पूरी की जाएं। कलेक्टर गुप्ता ने अधिकारियों को सभा स्थल के पास विभागीय प्रदर्शनी लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में जिले की योजनाओं और उपलब्धियों को दर्शाते हुए आमजन को जानकारी दी जाए। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने मुख्यमंत्री की गरिमा के अनुरूप सभी कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक कुरवाई एसडीएम कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई, जिसमें जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत जिला और खंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।



**विदिशा।** सीएम के आगमन की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते कलेक्टर।

### तैयारियां गंभीरता से करने के निर्देश दिए

**कुरवाई।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, विधायक हरिसिंह सप्रे सहित अन्य अधिकारियों ने प्रस्तावित सभा स्थलों शासकीय महाविद्यालय परिसर और बसस्टैंड परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, मंच, बैठने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। अधिकारियों ने रूसिया गांव स्थित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक के मार्ग में स्वागत द्वार सहित सुरक्षा और यातायात प्रबंधों पर चर्चा की। कलेक्टर और एसपी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी तैयारियां पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से पूरी की जाएं, ताकि कार्यक्रम बिना किसी व्यवधान के हो।

### एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की

बैठक में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने पूर्व आयोजनों के अनुभव साझा करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के उपाय सुझाए। एसपी श्री काशवानी ने हेलीपैड स्थल रूसिया से लेकर सभास्थल तक सुरक्षा इंतजाम, मंचीय व्यवस्था, वाहन पार्किंग, आगंतुकों के प्रवेश द्वार अलग-अलग करने, फायर ब्रिगेड तैनाती और कार्यक्रम में शामिल होने वाले विभिन्न वर्गों के नागरिकों की सूची तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

### सिद्धि विनायक पेट्रोल पंप पर मिलीं अनियमित्ताएं

**विदिशा।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले के पेट्रोल पंपों की जांच की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि बुधवार को सिद्धि विनायक पेट्रोल पंप और इंडियन ऑयल पंप की जांच में निशुल्क हवा पंप के खराब रहने और शौचालय में लॉक लगे होने जैसी अनियमितताएं पाई गईं। इन कमियों पर मौके पर ही पंचनामा बनाकर सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में स्टॉक सत्यापन, डेन्सिटी जांच, 5 लीटर माप से नापतौल, टैंक में पानी की जांच और एक्सप्लोसिव लाइसेंस की वैधता की जांच भी हुई। स्टॉक और मापतौल सही मिला तथा टैंक में पानी नहीं पाया गया। एक्सप्लोसिव लाइसेंस 2028 तक वैध पाया गया।

### प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**विदिशा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 के लिए किसानों द्वारा फसल बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।जिले में अधिसूचित फसलों के लिए पटवारी हल्का स्तर पर निर्धारित स्केल ऑफ फायनेंस का 2 प्रतिशत प्रीमियम किसान जमा कर बीमा लाभ ले सकते हैं। बीमा प्रीमियम की दरें प्रति हेक्टेयर धान सिंचित 1134 रुपए,-धान असिंचित 575 रुपए, सोयाबीन 727 रु, मक्का 590 रु., उड़द 461रु है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे समय सीमा में प्रीमियम राशि बैंक शाखाओं में जमा कराकर अपनी फसल का बीमा अवश्य कराएं ताकि प्राकृतिक आपदाओं या अन्य नुकसानों की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी का खुलासा

## लालच देकर ठेकेदार बिहार से भेज रहा था सूरत, 20 नाबालिगों को किया रेस्क्यू



**विदिशा।** सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस ने बच्चों को ट्रेन से उतारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रेलवे स्टेशन पर बुधवार को आरपीएफ और विदिशा सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने मिलकर मानव तस्करी का खुलासा किया। मंगलवार को सोसाइटी को सूचना मिली थी कि 30 से 35 नाबालिग बच्चों को मुंबई ले जाया जा रहा है।

इस सूचना के आधार पर टीम ने मुंबई समर स्पेशल ट्रेन का इंतजार किया। बुधवार सुबह 5 बजे जब ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो जीआरपी के साथ मिलकर सर्च अभियान चलाया गया। ट्रेन के स्लीपर और जनरल डिब्बों से 20 नाबालिग बच्चों समेत कुल 34 लोगों को उतारा गया।

### लालच देकर सूरत भेजने को तैयार किया


बचाए गए ये सभी बच्चे बिहार के कटिहार जिले से हैं और मुस्लिम समुदाय से आते हैं। एक ठेकेदार ने इनके परिवार वालों को पैसों का लालच देकर बच्चों को सूरत के साड़ी उद्योग में काम कराने के लिए भेजने को तैयार किया था। बच्चों को आरपीएफ थाने लाया गया है। उन्हें बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जाएगा। इसके बाद उन्हें अस्थायी रूप से बाल संरक्षण केंद्र में रखा जाएगा और बाद में परिजनों को सौंपा जाएगा। कुछ बच्चे टीम को देखकर अन्य डिब्बों में चले गए थे। उन्हें उज्जैन स्टेशन पर रेस्क्यू करने की योजना बनाई गई है। इस मामले में जांच अभी जारी है।

## पुलिया पर टक्कर, कार और एक्टिवा नीचे गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हरिपुरा पुलिया के पास बुधवार की शाम एक कार और एक्टिवा की भिड़ंत हो गई। निवासी बालाजी इकोसिटी एक्टिवा सवार 28 वर्षीय ईशिता पुत्री अशोक श्रीवास्तव अपने मौसेरे भाई मोहित पुत्र डीके खरे बासौदा के साथ घर जा रही थी। तभी सामने आ रही कार से टक्कर हो गई।

हरिपुरा पुलिया पर हुए इस एक्सीडेंट में कार और एक्टिवा दोनों नाले में जा गिरे। मौके पर निकल रहे राहगीरों ने घायलों को निकालकर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां से दोनों को भोपाल रेफर कर दिया गया है। कार चालक की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चला रहा व्यक्ति कार से निकलकर चला गया। कार और एक्टिवा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।





## बालों के डीएनए से आरोपी तक पहुंची थी पुलिस, उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला मुख्यालय के समीप धनोरा हवेली में महिला की हत्या के मामले में विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

मामला साल 2023 में हुए उस जघन्य हत्याकांड से जुड़ा है, जिसमें ज़िब्रान नामक आरोपी ने महिला को घाट उतार दिया था। विशेष न्यायाधीश जीसी शर्मा ने आरोपी जिब्रान अली (32 वर्ष) निवासी ग्राम धनौरा हवेली, थाना देहात को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह खौफनाक वारदात 22 जनवरी 2023 की रात की है।

फरियादी, जो मृतिका का पति है ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ रात को खाना खाकर सो गया था। लगभग रात 9:30 बजे छोटी बेटी की आवाज सुनकर वह जागा तो देखा कि उसकी पत्नी बिस्तर से गायब थी। तलाश करते हुए वह भट्टे की ओर गया, जहां उसकी पत्नी की लाश चित्त अवस्था में पड़ी थी, गले में आधी साड़ी लिपटी हुई थी। पत्नी की दम घुटने से मौत हो चुकी थी। फरियादी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

### जांच में खुला हत्यारे का राज, अब सलाखों के पीछे

साक्ष्यों और परिस्थितियों के अनुसार अंधा कत्ल था। लेकिन फारेंसिक टीम ने मौके पर महिला और पुरुष के बाल बरामद किये थे। साथ ही शर्ट की जेब का कपड़ा भी मिला था। पुलिस को पहले से ही आरोपी जिब्रान पर संदेह था लेकिन साक्ष्य नहीं थे। पुलिस ने बालों का डीएनए टेस्ट कराया तो वह जिब्रान की पाए गये। इसके अलावा मौके पर शर्ट की जेब का जो कपड़ा मिला था वह भी आरोपी की शर्ट से मिलान हो गया। फारेसिंक टीम का उस समय मानना था कि आरोपी और महिला के बीच झूमाझटकी और मारपीट हुई होगी। इसी दौरान उसका गला दबाया गया।

## स्थानांतरण पर ड्रग इंस्पेक्टर को दी विदाई, नवागत का स्वागत किया



**विदिशा।** विदिशा केमिस्ट एसोसिएशन ने ड्रग इंस्पेक्टर संजीव जादौन के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया। साथ ही नर्मदापुरम से स्थानांतरित होकर आए नए ड्रग इंस्पेक्टर जान प्रवीण कुजूर का स्वागत किया गया। कार्यक्रम जालोरी गार्डन में हुआ। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। दीप प्रज्वलन संजीव जादौन, जान कुजूर, वरिष्ठ केमिस्ट राजकुमार गर्ग, सुरेश माहेश्वरी, राकेश शर्मा और राकेश चौधरी ने किया। इसके बाद दोनों अधिकारियों को शाल, श्रीफल और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष उमेश सिंघल, सचिव गौरव चौधरी, उपाध्यक्ष दीपक जैन, संगठन मंत्री सचिन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संजय सिंघई, सहसचिव अंशुल गर्ग, जनसंपर्क अधिकारी सुमत जैन, व्यापार महासंघ प्रतिनिधि नवलकिशोर शास्त्री, संजय सिकरवार, आशीष माहेश्वरी और अनिल कटारे ने दोनों अधिकारियों का स्वागत किया।

### 16 से 22 जुलाई तक अग्रवाल धर्मशाला में वृंदावन के पं. विवेक आचार्य करेंगे कथा वाचन

# शिव महापुराण कथा के लिए निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर की अग्रवाल धर्मशाला में 16 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित होने वाले पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण कथा महोत्सव से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगरवासियों ने उत्साह से भाग लिया और ढोल-ढमाके, बैंड और धार्मिक झांकियों के साथ कलश यात्रा का स्वागत किया।

कथा वाचन के लिए मलूक पीठ श्री धाम वृंदावन के पंडित विवेक आचार्य जी ने प्रथम दिवस की कथा में शिव महापुराण का महात्म्य सुनाया। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक करने से जीवन में सुख-समृद्धि की वृद्धि होती है और अनिष्ट ग्रहों की शांति होती है।

### निशुल्क ज्योतिष परामर्श दिया जाएगा

ज्योतिषाचार्य पं. रुचिर राजीव लोचन पांडेय ने बताया कि आयोजन स्थल पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर भी लगेगा। इसमें विद्वान ज्योतिषी कुंडली देखकर जीवन में आने वाले कष्टों और समस्याओं के समाधान बताएंगे। आयोजन में नगरवासी पूरे श्रद्धा भाव से शामिल हुए। शोभायात्रा और कथा स्थल दोनों ही स्थलों पर धार्मिक वातावरण बना रहा। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा और रुद्राभिषेक में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।इस दौरान श्रीश्री 108 परशुराम दास महाराज अंकित तेनगुरिया, राजपुरोहित मनोज नारायण शास्त्री, संजय राजपुरोहित, पीलेश आचार्य, शुभम उपाध्याय धर्माधिकारी,जितेंद्र शास्त्री, हिउस समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, ज्योति सिद्धार्थ जैन, मनोज कटारे, छत्रपाल शर्मा, मुकेश आसोपा, अतुल तिवारी, संजीव शर्मा, सुजीत देवलिया, दीपक बाजपेई, राजेश राय, रश्मि चंदेल, पार्षद अखिलेश राजपूत, दीपक दांगी, भूपेंद्र रघुवंशी, सुमित वैद्य, पीयूष पांडेय आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** कथा के पहले दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2616
उच्चतम भाव- 3385
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2426
उच्चतम भाव-2441
चना
न्यूनतम भाव-5010
उच्चतम भाव-6010
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3561
धान
न्यूनतम भाव-1610
उच्चतम भाव-2900
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7450
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-8172
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-4356
मूंग
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7540
उड़द
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-5600
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6501
अलसी
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6501
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2200
ज्वार
न्यूनतम भाव-3650
उच्चतम भाव-3650

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10108 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अतिथि शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

त्योंदा। बुधवार को त्योंदा में अतिथि शिक्षक संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से महेश कुर्मी को त्योंदा तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कुर्मी की नियुक्ति पर अनेक अनेक लोगों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अतिथि शिक्षकों द्वारा त्योंदा तहसीलदार रितु राय को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शिक्षक एप पर ई-अटेंडेन्स दर्ज करने के संबंध में कहा गया कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पत्र के माध्यम से आदेश दिया है कि समस्त अतिथि शिक्षक, हमारे शिक्षक एप पर प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें, नहीं तो मानदेय जारी नहीं होगा। ज्ञापन में कहा गया कि सभी अतिथि शिक्षक शिक्षक एप पर ई-अटेन्डेन्स लगाने के लिए तैयार हैं लेकिन उनकी कुछ मांगों को पूरा किया जाए। स्थाई शिक्षक की तरह अवकाश एवं महिला अतिथि शिक्षकों को प्रसूति अवकाश, सेवाकाल 12 माह का होना चाहिए।

### दुकान में हो रहा था पार्टीशन, बेल्डिंग करते में तारपीन तेल से भड़की आग

# हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग, सात दमकलों व एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के व्यस्ततम चौराहा नेहरू चौक पर स्थित बजाज मशीनरी एवं हार्डवेयर दुकान में बुधवार की शाम करीब पौने सात बजे अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि दुकान में बेल्डिंग का काम चल रहा था और उसके पास ही तारपीन के तेल के ड्रम रखे थे। जिन्होंने चिंगारी से आग पकड ली और देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान के सामान को अपनी चपेट में ले लिया। हांलाकि नपा की दमकलों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए, लेकिन तब तक आग दुकान की ऊपरी मंजिल में बनी गोदाम तक पहुंच गई थी। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू चौक मुख्य मार्ग पर जितेन्द्र जैन और मुकेश जैन की बजाज मशीनरी एवं हार्डवेयर की दुकान है। जो करीब 80 फीट गहरी है और इसी की ऊपरी मंजिल पर दुकान का सामान भी रखा रहता है। इस दुकान में जितेन्द्र जैन और मुकेश जैन का हिस्सा अलग अलग हो रहा है और इसी सिलसिले में दुकान में पार्टीशन का काम चल रहा था। जिसको लेकर बुधवार की शाम दुकान में बेल्डिंग कार्य चल रहा था। इस बीच शाम करीब पौने सात बजे दुकान में बेल्डिंग वाली जगह के पास ही तारपीन के तेल के ड्रम रखे हुए थे। बेल्डिंग के कारण तारपीन के तेल ने आग पकड ली और देखते ही देखते आग भडक गई और उसने पूरी दुकान के सामान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में पाइप, इलेक्ट्रिक वायर, ऑइल पेंट, प्लास्टिक आयटम, रस्सी, ऑइल आदि ज्वलनशील और जल्दी आग पकडने वाला सामान अधिक मात्रा में रखा था। जिससे आग तेजी से






और पूरी दुकान में फैल गई। संयोग से घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। उधर आग की सूचना मिलते ही नगर पालिका की चारों दमकलें, चार टैंकर और विदिशा की एक दमकल मौके पर पहुंच गईं और दमकल कर्मियों ने बिना देर किए आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। करीब चार घंटों की मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका, लेकिन आग को पूरी तरह बुझाने के प्रयास खबर लिखे जाने तक जारी हैं।

वहीं इस घटना में दुकान और गोदाम का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे पीडित दुकानदारों को लाखों रूपए का नुकसान उठाना पडा है।




### प्रशासन ने किए सुरक्षा प्रबंध

गंजबासौदा। इस बीच इस भीषण अग्निकांड को देखने के लिए मौके पर बडी संख्या में वाहन चालकों एवं तमाशबीनों की भीड जमा हो गई। जिस पर पुलिस प्रशासन ने नेहरू चौक से आंबेडकर चौक तक एक ओर का रास्ता बंद कर दिया और घटना स्थल की ओर जाने वाले वाहनों को भी रोक दिया गया। जिससे आग बुझाने के कार्य में किसी तरह की रूकावट न हो और दमकलों को आने जाने के लिए भी रास्ता उपलब्ध हो सके। उधर सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत कपंनी प्रबंधन ने तुरंत ही नगर का विद्युत प्रदाय बंद कर दिया। जिससे करंट के कारण कोई अन्य दुर्घटना न हो सके। हांलाकि विद्युत प्रदाय बंद रहने से नागरिकों को काफी असुविधाओं का सामना करना पडा।

### ज्वलनशील सामान ने बढाई मुश्किलें, सात दमकलों चार टैंकरों के बाद एसडीआरएफ को भी बुलवाया30

गंजबासौदा। इस भीषण अग्नि दुर्घटना में नपा की चारों दमकलों एवं चार टैंकरों की मदद से आग को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया, लेकिन प्लास्टिक और ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग बार बार भडक रही है। जिससे दमकल कर्मियों एवं नपा अमले को आग को पूरी तरह बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। बाद में प्रशासन ने विदिशा से भी एक दमकल बुलवाई और फिर पांच दमकलों एवं चार टैंकरों की मदद से आग को नियंत्रित करने की कोशिशें की गईं। खबर लिखे जाने तक कुरवाई एवं बीना की दमकल एवं एसडी आरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। दूसरी ओर प्लास्टिक सामान एवं आइल पेंट जलने से उठा रासायनिक धुंआ आसपास के क्षेत्र में आसमान में और गलियों में फैल गया। जिससे नागरिकों और वाहन चालकों को कुछ समय तक श्वांस संबंधी परेशानी भी उठानी पडी।

### जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी डटे रहे मौके पर

गंजबासौदा। अग्नि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम विजय राय, एसडीओपी शिखा भलावी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास सहित अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता, दोनों थानों के प्रभारी, पुलिस बल, विद्युत कंपनी के डीई, एई, जेई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और प्रशासनिक एवं नपा अमला, व्यापार महासंघ के सदस्य एवं अन्य व्यापारी, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गया था और पूरे समय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर जमे रहकर बचाव कार्य की निगरानी करते रहे।

## नगर पालिका में नमस्ते दिवस पर सफाई कर्मचारियों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका में बुधवार को नमस्ते दिवस के उपलक्ष्य में एक वृहद कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी सफाई कर्मियों को स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता और सभी प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क कराये गये। सीबेज में कार्य करने वाले सभी 12 कर्मचारियों को सेफ्टी किट प्रदान की गई।

नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा सभी सफाई कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्रदान की गयी और सभी को आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे वह सभी निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ ले सकें। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय द्वारा नमस्ते योजना के बारे में सभी सफाई कर्मियों को अवगत कराया गया और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क किया गया और कहा कि मैले के सम्पर्क में सीधे नहीं आना है। हमेशा किट का उपयोग करें। नशामुक्ति की शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पार्षदगण, एसडीएम विजय राय, सिटी मिशन मैनेजर, समग्र सुरक्षा अधिकारी सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

### वार्ड 21 में सीसी रोड की मांग को लेकर प्रदर्शन



गंजबासौदा। वार्ड क्रमांक 21 रजोदा रोड के लोगों ने मंगलवार को सीसी सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष और एसडीएम को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना है कि उनके वार्ड में अब तक सीसी रोड नहीं बनी है। गली कच्ची है। बारिश में कीचड़ और जलभराव हो जाता है। इससे बच्चों और बुजुर्गों को चलने में परेशानी होती है। कई बार बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं। कुछ को चोट भी लग चुकी है। गली में पानी भरने से मच्छर और मक्खी पनपते हैं। इससे मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। बारिश में सांप-बिच्छू और जहरीले जीव-जंतु भी निकलते हैं। इससे जानमाल का खतरा रहता है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका शहर के अन्य वार्डों में सीसी रोड बना रही है। लेकिन उनके वार्ड में अब तक कोई काम नहीं हुआ। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क नहीं बनी तो वे आंदोलन करेंगे।

## नवागत शहर थाना प्रभारी का सेन समाज ने किया जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों सेन समाज धर्मशाला वार्ड नंबर 8 में सेन समाज समिति द्वारा शहर कोतवाली में नवागत थाना संजय बेदिया का शाल श्रीफल एवं हार माला पहनकर सेन समाज समिति के पदाधिकारियों एवं सामाजिक गणों द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर रामरतन सेन प्रदेश महासचिव, संरक्षक सत्य प्रकाश सेन, मुकेश सेन वरिष्ठ समाजसेवी, सौदान सिंह केश-शिल्पी जिला अध्यक्ष, श्रीलाल समाजसेवी, रमेश सेन, शिवनारायण सेन मंदिर समिति अध्यक्ष, गयाप्रसाद सेन ,हरिनारायण, मदन सेन , मुकेश सेन, काशीराम सेन, मुन्नालाल सेन, डॉक्टर सुमेर सिंह सेन, रामबाबू, नारायण सेन, मनीष सेन, अयोध्या प्रसाद सेन शिक्षक, रामकृष्ण सेन संगठन मंत्री, कमलेश श्रीवास, राजेन्द्र सेन रानू, नरेश सेन मंदिर समिति व्यवस्थापक, राहुल सेन प्रचार मंत्री, दिनेश सेन, गिरीश लाहौरी, मनोज श्रीवास के अलावा बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने टीआई का सम्मान किया।

## पशु चिकित्सालय में चिकित्सक के नहीं होने से हो रही गायों की मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रोजरू में पशु चिकित्सालम डॉक्टर ना होने के कारण प्रतिदिन गायों की मौत हो रही है। ग्राम रोजरु का पशु चिकित्सालय पिछले डेढ़ वर्षो से पशु चिकित्सक न होने से बंद पड़ा है, जिससे मवेशियों की आए दिन तबीयत खराब हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राइवेट पशु चिकित्सक को बुलवाते हैं तो उनकी फीस ज्यादा होती है। अमित चौकसे ने कहा कि उनकी दुकान के पास एक गाय जो चक्कर खाकर गिर गई थी और वह तड़प रही थी। जब तक प्राइवेट पशु चिकित्सक आते तब तक गाय की मौत हो चुकी थी। ग्राम के निलेश परिहार, अंकित परिहार, जीतू साहू, पुष्पेंद्र साहू ने शीघ्र रोजरू पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की नियुक्ति किए जाने की मांग की है।

## संस्कृत उमावि में पार्थिव शिवलिंग निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

महर्षि भृगु संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12 जुलाई 2025 से असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्य चल रहा है। प्रतिदिन भगवान शिव का पूजन और अभिषेक हो रहा है। पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने बताया यह आयोजन विश्व कल्याण और क्षेत्र की समृद्धि के लिए किया जा रहा है। प्रातः 8 बजे वाहित देवता का पूजन होता है। इसके बाद मिट्टी से भगवान शिव का निर्माण किया जाता है। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अभिषेक होता है। अभिषेक में जल, दूध, दही, घृत, मधु, इक्षु रस और कुश का उपयोग किया जा रहा है।

मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने विषपान किया था। विष कंठ में रहने से उनका नाम नीलकंठ पड़ा। देवताओं ने उनका अभिषेक किया। भगवान शिव ने आशीर्वाद दिया कि जो भक्त उन पर जल चढ़ाएगा, उसे सुंदर वर्षा का लाभ मिलेगा। दूध से संतान, दही से पशु रोगों की शांति, घृत से स्थिर लक्ष्मी, मधु से धन, इक्षु रस से धन की प्राप्ति और कुश से व्याधियों की शांति होती है। शास्त्री जी ने बताया, श्रवण और फाल्गुन में अभिषेक का विशेष फल मिलता है। विद्यालय का यह पहला प्रयास है, जिसमें आवासीय ब्राह्मण बालकों को शिक्षा के साथ प्रैक्टिकल ज्ञान दिया जा रहा है। यजमान प्रतिदिन इस कार्य में भाग ले रहे हैं।



### गायत्री परिवार ने किया पुरस्कृत, विजेताओं को दिए प्रमाण पत्र

# सैंट एसआरएस की छात्रा को मिला प्रथम पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की छात्रा कुमुद दांगी ने तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। गायत्री परिवार के सदस्यों ने स्कूल पहुंचकर छात्रा एवं सहयोगी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव का भी गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा विशेष अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार से जुड़े सुरेश सैनी एवं राकेश भारद्वाज ने अखिल भारतीय स्तर पर गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं छात्रों में भारतीय संस्कृति के मूल्यों को रोपित करने के लिए आयोजित परीक्षा का महत्व समझाया। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि उन्होंने छात्र जीवन में ही गायत्री परिवार के संस्थापक संत श्री राम शर्मा आचार्य से दीक्षा लेकर उनके भारत के सनातन आदर्शों को स्वयं में उतारने का प्रयास किया और गुरुदेव की प्रेरणा से आदर्शों को समाज में उतारने के लिए सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की स्थापना की ताकि आने वाली पीढ़ी में भारतीय संस्कृति और संस्कार रोपित किए जा सकें। इस दौरान गायत्री परिवार से आए सुरेश सैनी, राकेश भारद्वाज, रामकिशन सैनी, सुधा भारद्वाज, साधना सैनी, वंदना देवदास सहित अन्य गायत्री परिवार के सदस्यों ने छात्रा कुमुद दांगी, शिक्षक दीपेश मीणा, कृष्णपाल सिंह चौहान, दिनकर कद्रे को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल परिवार से रजनी गुप्ता, गजेन्द्र सिंह दांगी, विक्रांत सोनी, सुपार्श्व जैन, आकाश साहू सहित शिक्षक परिवार एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### ऑल प्रगतिशील पेंशनर एसोशिएशन की बैठक शनिवार को होगी

गंजबासौदा। ऑल प्रगतिशील पेन्शनर वेलफेयर एसोशिएशन की बैठक शनिवार को दोपहर के समय लोक निर्माण विभाग परिसर के पास आयोजित की गई है। जिसमें प्रान्तीय सम्मेलन की अंतिम रूपरेखा तय की जावेगी एवं पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा जायेगा। इस अवसर पर जुलाई माह में जन्म लेने वाले साथियों रविशंकर लोहिया, कुमार सरोज माथुर, शिशुपाल सिंह जादौन, राजकुमार पारासर, प्रेमलता दुबे, द्वारका चौरसिया, अब्दुल रहूप खान आदि का जन्म दिन भी मनाया जायेगा। पेन्शनर प्रतिनिधि सुधीर दुबे, जगदीप सिंह राजपूत, अब्दुल वहाव सिद्धीकी, कैलाश नामदेव, विद्याशरण शर्मा आदि ने सभी पेन्शनरों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## रासेयो ने किया नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य एमसी शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे स्वयंसेविका कुमारी गुंजन पाल ,कुमारी रागनी पाल कुमारी रागनी सेन द्वारा प्रस्तुत किया गया। बालिका इकाई की कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, बैच, प्रतीक चिन्ह ,प्रेरणा पुरुष, सिद्धांत वाक्य, अभिवादन और थीम के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा एनएसएस के एबीसी प्रमाण पत्र योजना, विभिन्न शिविरों एवं एनएसएस पुरस्कारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। स्टेट कैंपर कुमारी आयुषी दांगी ने अपने शिविर अनुभव साझा किये। कुमारी पूजा अहिरवार ,सोनम अहिरवार, सपना साहू, श्रेया सिंह द्वारा देशभक्ति नृत्य




की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अमित विश्वकर्मा ,महेंद्र पंथी ,गौरव शर्मा ,आकाश अहिरवार का विशेष सहयोग रहा।

### हनुमान चालीसा पाठ का 85वां चरण संपन्न

गंजबासौदा। श्री महादेव मंदिर सिंचाई कॉलोनी में विगत दिनों हनुमान चालीसा पाठ का 85 वां चरण श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। सुंदर कांड का आयोजन हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल ने किया, जिसका उद्देश्य था नशा मुक्त भारत अभियान को बढ़ावा देना और युवाओं को धर्म से जोड़ना। पाठ में बड़ी संख्या में नागरिक, युवा और बच्चे शामिल हुए। सभी ने मिलकर सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर परिसर जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोषों से गूंज उठा। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह अभियान लगातार अलग-अलग मंदिरों में चल रहा है। इससे युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता और धार्मिक चेतना बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 564.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर**। सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 564.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 735.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 487.0 मि.मी., जैसीनगर में 477.6 मि.मी., राहतगढ़ में 735.2 मि.मी., बीना में 415.6 मि.मी., खुरई में 589.7 मि.मी, मालथौन में 529.3 मि.मी., बण्डा में 627.2 मि.मी, शाहगढ में 604.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 557.2 मि.मी, रहली में 532.1 मि.मी, देवरी में 588.7 मि.मी. तथा केसली में 627.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### डीएपी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का प्रयोग करें किसान भाई

**सागर**। खरीफ फसलों की बुवाई एवं बुआई के पश्चात किसान भाईयों से कलेक्टर संदीप जी आर ने अपील है कि इस बार अपनी फसलों में नैनों डीएपी तरल का प्रयोग अवश्य करें। नैनों डीएपी एक तरल उर्वरक है जिसमें 8.0% नाइट्रोजन और 16.0% फॉस्फोरस होता है। अन्य उर्वरकों के मुकाबले नैनो डीएपी के कण आकार में छोटे होते हैं। इनका आकार 100 नैनोमीटर से कम होता है। इसकी अनूठी क्रिया इसे बीज की सतह के अंदर या स्टोमेटा और अन्य पौधों के उभार के माध्यम से आसानी से प्रवेश करने में सक्षम बनाती है। उप संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि नैनो डीएपी का छिड़काव करने से विभिन्न लाभ प्राप्त होता है। बीज अंकुरण के तुरंत बाद पौधे को पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है जो परंपरागत डीएपी से समय पर नहीं मिल पाती। नैनो डीएपी के उपयोग से पौधे को तुरंत पोषक तत्व मिलते है। जिससे जड़ और पौधे की वृद्धि तेजी से होती हैं।

### सड़क नहीं होने के कारण मरीज को खटिया पर लेकर ले जाना पड़ता है अस्पताल

# श्यामपुर में 50 वर्ष से निवासरत 15 परिवार आज भी सड़क और बिजली के लिए तरस रहे





राजीव जैन सैनानी ▶▶ सिरोंज

आजादी के बाद भी सिरोंज तहसील के अनेको ग्राम ऐसे है जहां आज भी ग्रामीण आवागमन, बिजली, पेयजल एवं संचार सुविधा सहित अनेको सुविधाओं के लिए तरस रहें है।

ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत धानौदा के ग्राम श्यामपुर रस्ताघाट का देखने को मिला। जहां सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरह रहें। तो वही ग्रामीणो ने एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम हर्षल चौधरी से गुहार लगाई। ग्राम में लगभग 20 से 30 परिवार ऐसे है जो कि लगभग 50 वर्षो से उक्त ग्राम में निवास कर रहें है। वही ग्रामीणो का कहना है कि हमारे इस गांव में हमारी एक पीढी गुजर गई। लेकिन सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं के नाम पर आज तक कुछ न मिल पाया। ग्राम में सड़क न होने के कारण बारिश के मौसम में चारो ओर पानी भराने से इन ग्रामीणो के बच्चो को भी कीचड व पानी से होकर स्कूल जाना पडता है।

### मूलभूत सुविधाओं से भी महरूम रहवासी



ग्राम श्यामपुर रस्ताघाट में निवास कर रहे परिवारो में यदि बारिश के मौसम में कोई सदस्य बीमार हो जाता है। तो उक्त मरीज को ग्रामीणो द्वारा घुटने घुटने पानी में से मजबूरन खटिया पर लेटाकर अस्पताल ले जाना पडता है। सड़क सुविधा न होने के उक्त ग्राम में निवासी कर रहे ग्रामीणो को काफी परेशानियो का सामना कर अपना जीवन यापन करना पड रहा है। ग्रामवासी नर्वदा, नसीम, पवन, दशरथ, हरिराम,आशीष ने बताया कि विगत कई वर्षो से हम सडक सहित मूलभूत सुविधा की मांग को लेकर पंचायत,तहसील कार्यालय सहित अनेको जगह गुहार लगा चुके है। लेकिन सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओ का लाभ आज भी हमें नही मिल पा रहा है।

### कीचड़ में गिरकर बच्चे होते हैं घायल

ग्रामवासी सीताराम,कन्छेदी ने बताया कि वैसे आम दिनो में तो हमारे बच्चे कच्चे रास्ते से स्कूल चले जाते है। लेकिन बारिश के मौसम में सडक न होने से स्कूल वाले रास्ता नदी में तबदील हो जाता है। रास्ते पर पानी भरा जाने से स्कूली बच्चे कीचड में गिरकर घायल हो जाते है। तो वही बच्चो के स्कूल बैग,कॉपी किताब खराब होने से हमारे बच्चे स्कूल जाने से भी वंचित रह जाते है। यदि जैसे तैसे पानी में भीगते हुए कीचड वाले रास्ता पार कर बच्चे स्कूल भी पहुच जाते है तो बच्चो के कपडें कीचड में खराब होने से उन्हे वापस अपने घर लौटना पडता है।

### इनका कहना है

कलेक्टर के निर्देश है कि यदि किसी परिवार को आवागमन के लिए सड़क सुविधा नही है तो उन्हें नियम अनुसार राजस्व विभाग द्वारा रास्ता दिलाने की कार्यवाही की जाएगी। यदि परम्परागत पूर्व से ही रास्ता है तो ग्रामीणो को वह रास्ता दिलाया जाएगा।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।

यह जो परिवार है वह ढांग में निवास करते है। वहा पर सडक निर्माण के लिए जो जगह है उस पर ग्रामीणो का पटटा है। मैने पंचायत से प्रस्ताव विधायक महोदय को भेजा है।

**उत्तम सिंह,** सरंपच ग्राम पंचायत धनौदा।

## पत्रकारों के सम्मेलन में सासंद डॉ. लता बानखेड़े करेंगी शिरकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सागर सिरोंज संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता बानखेडे सिरोंज में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में हिस्सा लेगी। तो वही मध्य प्रदेश आईजा के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने बताया कि सांसद डॉ लता बानखेडे पत्रकारो के सम्मेलन में शामिल होगी। यह कार्यक्रम सिरोंज पत्रकार महासंघ,मध्यप्रदेश आईजा, मध्यप्रदेश जम्प व अन्य पत्रकारो के संगठनो द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पत्रकारो की समस्याओ को लेकर वन तो वन चर्चा की जाएगी। साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में समस्त विदिशा जिले के पत्रकार गण शामिल होगें।

## जो सत्संग से जुड़ा रहता है उन्हें स्वर्ग मिलता है : नारायणदास निरंकारी

**सागर** । सत्संग से जुड़े रहने वाले लोगों को स्वर्ग मिलता है, यह एक धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यता है। सत्संग का अर्थ है सत्य के साथ संगति, और इसका मुख्य उद्देश्य है मनुष्य को सद्गुणों की प्राप्ति कराना, नकारात्मकता से दूर करना और सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना आज रुक्मणि देवी की याद में मनवानी परिवार ने सत्संग का आयोजन किया है जैसा रुक मणि अर्थात मणि मोती जैसा उनका जीवन की कीमत थी। उन्होंने गुरु की प्रति हमेशा समर्पित भाव से अपना जीवन जिया महात्माओ ने आगे कहा,, जिस मरने से जग डरे मेरे मन आनद,, मरने ते ही पाइये पूर्ण परमानन्द,,, ऐसे ही माताजी ने गुरु के चरणों में रहकर मोक्ष को प्राप्त किया आज हम उनको याद कर रहे है वे हमेशा सत्संग से जुडी रही और आखरी समय भी सिमरन करती रही । निराकार ने उन्हें अपनी शरण में ले लिया । इस अवसर पर राजेश मनवानी, पूर्व विधायक सुनील निधि जैन, समाजसेवी कपिल मलैया, सुनील भाई पटेल, निर्मल भोले, सुरेश मोहनानी,सुनील मनवानी, द्वारकादास उच्वानी, प.पप्पू तिवारी, चम्पक भाई जैन उपस्थित थे ।

## किसान भाई चिंतित न हों सभी को मिलेगा उर्वरक: कलेक्टर

**सागर**। जिले के सभी खाद वितरण केंद्र डबल लॉक पर किसान भाईयों की सुविधा एवं समय पर खाद प्राप्त हो सके इसके लिए अतिरिक्त काउंटर लगाकर खाद उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। किसान भाई चिंतित न हों सभी को खाद उर्वरक मिलेगा उक्त अपील कलेक्टर संदीप जी आर ने किसान भाईयों से की है। उन्होंने कहा कि जिले में मांग के हिसाब से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और लगातार मांगपत्र वरिष्ठ कार्यालय को भेजा रहा है। खाद उर्वरक की आपूर्ति लगातार प्राप्त हो रही है और किसान भाईयों को वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि सभी वितरण केन्द्रों पर आवश्यक सुविधा मुहैया कराई जावे किसान भाईयों की अत्यधिक संख्या होने पर उनको टोकन वितरित किए जाए। टोकन पर स्पष्ट रूप से अगली तारीख अंकित की जावे जिससे कि किसान भाई उस तारीख पर आकर आसानी से खाद प्राप्त कर सके उन्होंने कहा कि दो हजार मीट्रिक टन का वितरण मंगलवार को किया गया। 2600 मीट्रिक टन की एक रैक और प्राप्त हुई है जिसका वितरण लगातार किया जा रहा है ।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सागर की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दिनांक 17 जुलाई को दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी को समय से पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

## गाड़ी बचाने के चक्कर में खाद से भरा वाहन पलटा तीन घायल, सागर से छत्तीसगढ़ जा रहा था ट्रक, सागर दमोह रोड के चनौआ में हुआ हादसा

**गढाकोटा**। गढाकोटा तहसील के चनौआ के पास एक खाद का ट्रक दमोह से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में पलट गया जिसमें ड्राइवर, कंडक्टर ओर क्लीनर घायल हो गए जिन्हें डायल 100 कि मदद से गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां तीनो का इलाज किया जा रहा है । मिली जानकारी के अनुसार यह ट्रक सागर से धान का खाद लेकर छत्तीसगढ़ जा रहा था कि सागर दमोह स्थित चनौआ ग्राम के आगे दमोह से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में पटरी से ऊतर गया ओर पलट गया। जिसमें ट्रक में बैठे ड्राइवर,कंडक्टर व क्लीनर को चोटे आई है जिन्हें डायल 100 कि मदद से गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है । तीनों लोग राजस्थान के चित्तोरगढ़ के बताए जा रहे हैं।

## जब-जब क्षत्रिय विभाजित हुए देश गुलाम बना: अविराज सिंह

### कुरवाई में युवा क्षत्रिय सम्मेलन को संबोधित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

रविवार को कुरवाई के उत्सव गार्डन में विधानसभा स्तरीय युवा क्षत्रिय सम्मेलन ऐतिहासिक स्तर पर आयोजित हुआ। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के पुत्र अविराज सिंह ने हजारों युवाओं को संबोधित करते हुए कहा जब-जब क्षत्रिय विभाजित हुए, देश गुलाम हुआ।

हमें राणा सांगा के सपने को साकार करना होगा। उन्होंने मंच से उतरकर पुष्प वर्षा कर युवाओं का अभिनंदन किया और जोशीला भाषण देकर उत्साह भरा। अविराज सिंह ने वीर महाराणा प्रताप, राणा सांगा, शिवाजी और छत्रसाल का उदाहरण देते हुए युवाओं से समाज के पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया। यह सम्मेलन दांगी क्षत्रिय समाज का कुरवाई क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर पर हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई संदीप सिंह ठाकुर ने की। स्वागत भाषण कृष्ण पाल सिंह ने दिया, संचालन संजीव सिंह ने और आभार संदीप सिंह गंजबासौदा ने व्यक्त किया। सम्मेलन में जिले की सभी तहसीलों और आसपास से बड़ी संख्या में युवा और वरिष्ठ क्षत्रिय समाजजन शामिल हुए। अविराज सिंह के काफिले में 150 वाहन शामिल थे, जिससे बस स्टैंड क्षेत्र में थोड़ी देर जाम की स्थिति बनी।

### एटीएम बंद, ग्राहकों को हो रही भारी परेशानी

**शमशाबाद**। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा परिसर में स्थित एकमात्र एटीएम पिछले दस दिनों से बंद है। जिससे स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में एसबीआई खाताधारकों की संख्या अधिक है और बैंक छोटे लेनदेन के लिए अक्सर एटीएम के उपयोग की सलाह देता है, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण एटीएम बार-बार बंद हो रहा है। ग्राहकों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद बैंक प्रबंधन इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। 10 किलोमीटर के क्षेत्र में यही एकमात्र एटीएम है, जिससे ग्राहकों को मुख्य शाखा या कियोस्क बैंक की लंबी कतारों में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है। सुंदर सिंह राजपूत ने बताया कि एक सप्ताह से अधिक समय हो गया एटीएम बंद है, पैसे निकालने के लिए भटकना पड़ रहा है।


### 50 महिलाओं ने मिलकर लगाए पौधे

**हैदरगढ़**। पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था और ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति गुंजारी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चलाया। इसमें 50 महिलाओं ने मिलकर जामुन, नीम, महुआ, करंज, बरगद, पीपल जैसे औषधीय और छायादार पौधे लगाए। जिला समन्वयक पूजा और विकासखंड समन्वयक स्वदेश आचार्य की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भावी पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित करना था।

## नेशनल हाईवे 146 पर एनएचएआई स्वयं गौवंश को सड़कों से हटा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा विदिशा सागर मार्ग पर सड़क सुरक्षा और गौ-रक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य न केवल सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है, बल्कि आवारा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर उनके कल्याण को भी सुनिश्चित करना है। यह अभियान एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धांत सिंघई के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात निर्बाध और सुरक्षित बना रहे तथा किसी भी तरह की लापरवाही न हो।




### बाइक पेट्रोलिंग टीमों द्वारा नियमित गश्त

बाइक सवार टीमें रोजाना सड़क की निगरानी करती हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हस्तक्षेप किया जा सके। सड़क पर आवारा मवेशियों को सुरक्षित तरीके से हटाकर निकटवर्ती गौशालाओं या अन्य सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। इस अभियान को दैनिक आधार पर संचालित किया जा रहा है। स्वयं प्रोजेक्ट डायरेक्टर सिद्धांत सिंघई हाईवे पर लगातार निरीक्षण करते हुए अभियान की प्रगति पर पैनी नजर रख रहे हैं। उनकी सक्रिय निगरानी में यह प्रयास और अधिक प्रभावी बन गया है।

## ज्वाइंट कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण

### 1.70 लाख बच्चों की जांच कर किया जाएगा बीमारी का प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बाल्य मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया कैंपेन का प्रथम चरण 22 अगस्त से 16 सितंबर 2025 तक जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष तक के 1,70,921 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। बुधवार को होटल ग्रैंड अशोका में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का संयुक्त कलेक्टर मोहिनी शर्मा ने निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने अभियान की गंभीरता को रेखांकित करते हुए सभी सीएचओ व एएनएम को शत-प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग, उपचार, और आवश्यकतानुसार रेफरल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम हित कुमार और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. डी.के. शर्मा के समन्वय से किया जा रहा है। सभी ब्लॉकों में मास्टर ट्रेनरों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यशाला में सिरोंज ब्लॉक के सीएचओ एवं एएनएम भी सम्मिलित रहे। अभियान महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से संचालित किया जाएगा।

## एसडीएम ने मूंग खरीद केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### 8 अगस्त तक होगा मूंग खरीदी कार्य, किसानों को केंद्र पर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल ने मूंग उपार्जन केंद्र डबल लॉक शमशाबाद का औचक निरीक्षण किया। समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी 8 अगस्त तक की जाएगी। अभी तक किसानों से 512 क्विंटल मूंग खरीदी जा चुकी है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम पटेल ने उपार्जन केंद्र में मूंग की गुणवत्ता का परीक्षण कर एफएक्यू (एफएक्यू) क्वालिटी मानकों के अनुरूप खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एसडीएम ने खरीदी गई मूंग की बोरियों की क्वालिटी और वजन भी चेक किया तथा किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं।

इसके अलावा डबल लॉक केंद्र पर कृषकों को पात्रता के अनुसार खाद एवं उर्वरक वितरण कार्य भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इस निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि विकास अधिकारी लक्ष्मण गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण और समाजसेवा के लिए योजनाएं घोषित

### समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण, सीमा बनीं बेतवा लायन क्लब की 12वीं अध्यक्ष

**विदिशा**। बुधवार को बेतवा लायन क्लब विदिशा की 12वीं अध्यक्ष के रूप में लायन सीमा शर्मा ने समारोह में शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महेश मालवीय और संस्थापन अधिकारी अतुल रतनशी शाह ने मां सरस्वती का माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। ध्वज वंदना अनुषा सैनी ने और स्वागत गीत अर्चना सोनी ने प्रस्तुत किया। पूर्व अध्यक्ष अंजू मित्तल एवं उनकी टीम ने गत वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद शपथ विधि कार्यक्रम में अध्यक्ष सीमा शर्मा, सचिव रेखा यादव और कोषाध्यक्ष नवनीता पाण्डेय ने शपथ ली। बेतवा क्लब की नई कार्यकारिणी में लायन रश्मि चंदेल, अनुषा सैनी, सुचिता सराफ, खुशबू साहू ,आरती शर्मा, मिथिलेश साहू, प्रतिभा सिंह, अर्चना सोनी, मंजीता परमार, स्वाति चौकसे, अनामिका श्रीवास्तव, नविता कुमार, रजनी शर्मा और निशा चौकसे को भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने लायनवाद को आगे बढ़ाने और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को स्थायी रूप से संचालित करने का आह्वान किया। पूर्व अध्यक्ष अंजू मित्तल और उनकी टीम के कार्यों की प्रशंसा की गई। लायन संध्या सिलाकारी ने क्लब के इतिहास पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष सीमा शर्मा ने इस वर्ष और भी बेहतर सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण के लिए अतुल शाह द्वारा नीम के पौधे सदस्यों को वितरित किए गए। सचिव रेखा यादव ने वेस्ट प्रोडक्ट से बने गमलों में पौधों सहित अतिथियों को उपहार भेंट किए और कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।




हंगर एक्टिविटी के तहत ब्रेड के पैकेट जरूरतमंदों और उपस्थित कामगारों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में रीजन चेयरपर्सन मुदित बंसल और जोन पर्सन अनामिका पचौर भी मौजूद रहे।

### आईटीआई में तृतीय चरण में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा**। जिले की समस्त शासकीय आईटीआई में सत्र 2025-26 के लिए तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है और प्रवेश 16 से 19 जुलाई तक किए जाएंगे। प्रभारी प्राचार्य मनोज दुबे ने बताया कि महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं ताकि बेटियां भी कौशल प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर सकें। जिले की सात शासकीय आईटीआई विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज, लटेरी, ग्यारसपुर, नटेरन और कुरवाई में कुल 1204 सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक आवेदक **https:// mpiticounseling.co.in** पर पंजीयन और चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। वेल्डर, कारपेंटर और सुईंग टेक्नॉलजी के लिए न्यूनतम योग्यता 8वीं उत्तीर्ण तथा अन्य व्यवसायों के लिए 10वीं उत्तीर्ण है। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई विदिशा के हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है।






## आरोपी युवक पर मामला किया दर्ज

# बाइक पर बैठने से मना किया नहीं मानने पर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

बाइक पर बैठने पर दो युवकों के बीच जमकर लाठी डंडे चल गए, जिसमें एक युवक का सिर फट गया। पुलिस ने आरोपी युवक राजा धानक निवासी भरतीपुर पर फरियादी बाबूलाल धानक निवासी भरतीपुर गांव की रिपोर्ट पर धारा मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार ग्राम भरतीपुर में गोरालाल की दुकान पर राजा अपनी बाइक से सामान लेने पहुंचा, तभी गांव के ही बाबूलाल उसकी बाइक पर बैठ गए। राजा ने बाइक पर बैठने को मना किया, तो बाबूलाल नहीं उठा जिस पर राजा ने गाली गलौच करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। पिटाई से बाबूलाल का सिर फट गया और उसके हाथों में भी चोट लग गई। बाबूलाल को प्राथमिक उपचार के लिए सांची सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया।

## तहसील न्यायालय में किया पेश

# लड़ाई झगड़ा कर ग़दर मचा रहे दो युवक हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

राजीव नगर में दो युवक आपस में लड़ाई झगड़ा कर मोहल्ले में उत्पात मचा रहे थे। थाने के प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को मामले से अवगत कराते हुए दोनों आरोपियों को राजीवनगर से गिरफ्तार कर लिया।

प्रधान आरक्षक मंगलेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि राजीव नगर में छोटू बेदी पिता हरिराम उम्र 38 वर्ष और नीतेश आदिवासी पिता राजू रावत आदिवासी उम्र 19 वर्ष आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। जिससे मोहल्ले वासी परेशान हो रहे थे। सूचना पर दोनों को गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3), 170 का मामला दर्ज कर सांची तहसील में पेश किया है।

## ब्लड बैंक में 500 यूनिट ब्लड स्टोरेज की क्षमता, 69 यनिट रक्त उपलब्ध

# यह बड़ी समस्या: रक्तदान के लिए इमरजेंसी में भी आगे नहीं आ रहे जागरूक रक्तदानकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शासकीय जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की कमी बनी हुई है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर ब्लड नहीं मिल पाता और उनके जान को खतरा बना रहता है। इमरजेंसी में भी जागरूक लोग रक्तदान के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल होने की वजह से यहां हर दम रक्त की कमी महसूस की जाती है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ सौरभ जैन, पूनम, ज्योति टोप्पो ने बताया कि ब्लड बैंक में 500 यूनिट ब्लड सुरक्षित रखने की क्षमता है। वर्तमान में ए पॉजिटिव ब्लड नहीं है। जरूरतमंद मरीजों को उनके परिचितों और रिश्तेदारों से ब्लड डोनेट करवाया जाता है, तब कहीं जाकर मरीजों को खून चढ़ पाता है।

फिलहाल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में 69 यूनिट बी, ओ, एबी नेगेटिव ब्लड सुरक्षित रखा हुआ है। वहीं पड़ोस के जिला विदिशा में 35 यूनिट ओ पॉजिटिव ब्लड भेज दिया गया है। 30 बच्चे एनीमिया पीड़ित है और ब्लड बैंक में पंजीकृत सिकलसेल के मरीजों को भी ब्लड उपलब्ध कराया जाता है।

### इनको अधिक रहती है जरूरत

जिला अस्पताल में सिकलसेल, टीबी, कैंसर, थैलेसीमिया, गर्भवती महिलाएं काफी संख्या में आती हैं। इन्हें सबसे अधिक ब्लड की जरूरत होती है। इसके अलावा एक्सीडेंट में घायल या फिर अन्य किसी बीमारी वाले मरीजों को भी खून की जरूरत पड़ती है। ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड होने से इन्हें समय पर निशुल्क ब्लड मिल जाता है और मरीज की जान बच जाती है। वहीं अगर कोई निजी अस्पताल में भर्ती है तो उसे भी 1050 रुपए फीस लेकर ब्लड दिया जाता है।




### रक्तदान महादान के दावों की निकली हवा

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान महादान के दावों की हवा निकलती दिखाई दे रही है। रक्तदान महादान का नारा देने सभी आगे आते हैं, लेकिन रक्तदान करने की जब बारी आती है तो कई लोग पैर पीछे खींच लेते हैं। यही वजह है कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान की पर्याप्त पूर्ति नहीं हो पा रही है। हालात यह है कि कभी-कभी ब्लड की कमी से मरीजों की जान पर बन आती है। सबसे बड़ी समस्या तो उन लोगों के साथ होती है, जिनका ब्लड ग्रुप निगेटिव है। उन्हें या तो उनको, उनके ग्रुप की तरह डोनर चाहिए होता है या फिर लंबा इंतजार करना होता है। यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रोजाना 20 से 25 यूनिट ब्लड की जरूरत पड़ती है। यह संख्या सीजन के लिहाज से घटती बढ़ती रहती है। गर्मी के सीजन के दौरान ब्लड की मांग बढ़ जाती है। ब्लड बैंक में बमुश्किल दो या चार यूनिट ब्लड ही उपलब्ध रहता है। रक्त के जरूरतमंद मरीजों को उनके परिजनों नाते रिश्तेदारों से डोनेट कराने के बाद भी उनको खून चढ़ाया जाता है, जबकि ब्लड बैंक में रिजर्व ब्लड स्टोरेज होना चाहिए।




### जिला अस्पताल, लेकिन ब्लड बैंक का स्टोरेज खाली

लगभग 400 बेड के जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों का आना-जाना रहता है। आए दिन ब्लड की कमी होने की वजह से काफी समस्या होती है। समस्या उन लोगों के साथ ज्यादा होती है जो कि ग्रामीण अंचल से आए हों। अस्पताल में पर्याप्त ब्लड मौजूद हो इसके लिए जरूरी है कि लोग जागरूक हों और समय-समय पर रक्तदान करते रहें। इसमें जिला स्वास्थ्य विभाग को भी और अधिक सक्रियता दिखानी होगी। जिला अस्पताल ब्लड बैंक में 500 यूनिट ब्लड स्टोरेज की क्षमता है, लेकिन यहां कभी भी स्टोरेज पूरा नहीं भर पाया।

### ब्लड डोनेशन से सेहत को कोई नुकसान नहीं

रायसेन ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सौरभ जैन के मुताबिक रक्तदान करने से व्यक्ति की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता है। यह फालतू की अफवाह समाज में फैला रखी है कि खून देने से शरीर में खून की कमी आ जाती है यह कहना अनुचित है। वैसे भी स्वस्थ आदमी को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए यह अंतराल करीब 6 महीने का होना जरूरी है। जबकि ब्लड डोनेट करने से शरीर को कई प्रकार के फायदे होते हैं। हार्ट हेल्थ में सुधार होगा। आयरन लेवल सही होने से दिल की बीमारियों की रिस्क कम होती है। एक बार ब्लड डोनेट करने से लगवास लगभग 650 कैलोरी बर्न की जा सकती है।

### रक्तदान करें

स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने में जागरूकता का परिचय देना चाहिए। रक्तदान हमेशा करने से सेहत में भी सुधार आता है। जिला अस्पताल में भी रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के चलते लोग ब्लड डोनेट करने में हिचकिचाते है। जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने में कभी पीछे नहीं हटना चाहिए।

**- डॉ सौरभ जैन,** ब्लड बैंक प्रभारी जिला अस्पताल रायसेन।

# दो दिन की राहत के बाद फिर बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

दो दिनों तक नर्मदा क्षेत्र में बारिश न होने से निवासियों द्वारा राहत महसूस की जा रही थी। कि बुधवार को दोपहर में अचानक घने बादल छा जानें, बादलों की भारी गर्जना, बिजली की चमक-दमक के साथ लगभग दो घंटे हुई बारिश ने फिर नदी नालों का जल स्तर बढ़ा दिया है। इसी के साथ भारी उमस परेशानियों वाला दौर भी शुरू हो गया है। बरेली में अभी तक 560 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो चुकी है।

**उदयपुरा में सर्वाधिक बारिश :** नर्मदा क्षेत्र की उदयपुरा तहसील में सबसे अधिक 827 मिलीमीटर बारिश हुई, बाड़ी में 444 मिलीमीटर बारना बांध के जलग्रहण क्षेत्र सुल्तानपुर तहसील में 480 मिलीमीटर और देवरी वर्षा होने के मामले में दूसरे स्थान पर 731 मिलीमीटर बारिश दर्ज हो चुकी है। उदयपुरा, देवरी, बरेली, बाड़ी तहसील नर्मदा तटवर्ती है। अधिक बारिश के कारण जहॉ नर्मदा मैया का जल स्तर बढ़ा हुआ है। वही नर्मदा क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान मार रहे है।

### दिन में बादलों की भारी गर्जना के साथ हुई बारिश



### नर्मदा क्षेत्र में अधिक बारिश से बढ़ी परेशानियां

15 जून से लेकर 15 जुलाई तक माह में नर्मदा क्षेत्र में अधिकांश दिनों में कभी धीमी कभी जोरदार बारिश होती रही। जिससे पिछले दिनों में नर्मदा सहित नदी नालों में बाढ़ की स्थिति रही। क्षेत्र में औसत 40-45 इंच बारिश होती है। बरेली में 22 इंच से अधिक बारिश हो चुकी है। जो औसत बारिश के आधे से भी अधिक है। जबकि अभी वर्षाकाल के 2 माह बचे है। इस वर्ष औसत से अधिक बारिश की संभावना बन रही है।

### बारिश से धान को लाभ

*जिस प्रकार पूर्व में जमकर बारिश हुई, और अब हो रही है। उससे से सबसे अधिक लाभ धान की खेती वाले किसानों को हो रहा है। बारिश होते रहने से कम मात्रा में पानी की जरूरत पडऩे के साथ अब नलकूपों में भी भरपूर पानी आने लगा है। इसी कारण गांव-गांव किसानों द्वारा अन्य कार्यो को छोड़ सिर्फ धान की रोपाई की जा रही है।*

# 277 छात्र-छात्राओं का हुआ दांतों का परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

मंगलवार को पीएमश्री विद्यालय दीवानगंज में वेल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन एवं निवसीड संस्था द्वारा विद्यार्थियों के दांतों का परीक्षण शिविर आयोजित हुआ।

इस मौके पर एलएनसीटी ग्रुप के ऋषिराज डैंटल मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर से डॉ प्रवीण पांडे, डॉ बाबा खान, डॉ आकांक्षा जेठवानी सहित 15 डाक्टरों की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के दांतों का परीक्षण कर विद्यालय के 277 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

## नशे से दूर रहने की छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

# गुरूकुल स्कूल में पुलिस ने किया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पुलिस द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम दिवस सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली और नशे से दूरी है जरूरी का संदेश दिया। बुधवार को पुलिस द्वारा नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था गुरूकुल स्कूल में नशे से दूरी है, जरूरी विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कक्षा 11वीं, 12वीं के छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही और नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज का विनाश करता है। उन्होंने छात्रों को नशे से बचने सर्तक रहने और अन्य साथियों को भी जागरूकता संदेश का आग्रह किया। गुरूकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी ने कहा कि विधार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ स्वस्थ जीवन शैली जरूरी है। छात्रों का अपना सर्वागीण विकास हो सकें।



### नशा मुक्त भारत की शपथ

*गुरूकुल स्कूल कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्त भारत की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि वह स्वंय नशे से दूर रहेंगे, और दूसरों को नशा प्रवृति से दूर रहने प्रेरित भी करेंगे। कार्यक्रम में टीआई कपिल गुप्ता की पुलिस टीम के साथ, गुरूकुल स्कूल प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी उपस्थिति रही।*

## नप ने 55 दुकानदारों को थमाए नोटिस

# सांदीपनि विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सांदीपनि विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर दुकाने बना कर व्यवसाय कर रहे करीब 155 दुकानदारों को नगर परिषद ने नोटिस जारी कर 3 दिवस मे कब्जा हटाने के निर्देश दिए है। नोटिस वितरण कार्य नगर परिषद के कर्मचारी राहुल कलोसिया, संजीव कलोसिया, सीताराम साहू, सतीश कुशवाहा तथा आरिफ खां द्वारा किया जा रहा हैं। कब्जा हटाने का नोटिस मिलते ही कब्जा धारियों में हड़कंप मचा हुआ है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सांदीपनि विद्यालय का निर्माण अंतिम चरण में हैं। जिसकी बाऊंड्री बॉल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है। लेकिन भूमि पर अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य करना संभव नही हो रहा है।

नोटिस में कब्जाधारियों को स्पष्ट किया गया है कि 3 दिवस में किए गए अतिक्रमण को हटा ले अन्यथा निकाए अधिनियम के तहत अनाधिकृत अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाही की जाएगी। जारी किए गए नोटिस की जानकारी से कलेक्टर, एसडीएम तहसीलदार, तथा थाना प्रभारी को भी अवगत कराया गया है।

# सफाई अभियान के अंतर्गत किया संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

नगर परिषद बाड़ी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति शिवहरे एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी श्रीनिवास तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत बुधवार को वार्ड 6, 7, 8 में सफाई अपनाओं बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क कर वेक्टर और जल जनित बीमारियों के प्रति नागरिकों को घर घर पहुँच कर उन्हें जागरूक किया गय।

साथ ही सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की जानकारी दी एवं व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वच्छता रखने के संबंध में बताया गया। सफाई अपनाओ तो बीमारी नहीं होगी इसलिए आप अपने घर में गंदे पानी को जमा न होने दें, कूलर का पानी साफ करें, घर में पानी उबाल कर पीएं और अपने आसपास साफ़ सफाई रखे, जिससे हम सभी बीमारी होने से बच सके। इस अवसर पर उपयंत्री विभूति दरबार, स्वच्छता नोडल अधिकारी श्रीनिवास तिवारी, सहायक स्वच्छता प्रभारी अजय टांक, सफाई दरोगा राजेश थनवार, सफाई मित्र, आमजन नागरिक उपस्थित रहे।




## जब्त गांजे की कीमत 25 हजार रुपए

# पुलिस ने दो किलो गांजे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

थाना सांची के तहत आने वाले ग्राम ढकना-चपना तिराहे पर मुखबिर से सूचना मिलने पर सांची थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी गठित दल के द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए 53 वर्षीय ज्ञान सिंह पुत्र भंवरलाल मीणा निवासी ग्राम रमपुरा थाना बैरसिया को दो किलो गांजा रखे हुए पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 04 जेडएस 1738 पर खड़ा था, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना के अनुसार उसकी घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जब्त गांजा की कीमत 25 से 30 हजार के लगभग बताई गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी, एसआई आनंदीलाल कमल सिंह ठाकुर, चंद्रपाल सिंह मिथुन सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सोलंकी बृजेश शर्मा ने भूमिका निभाई।



# राजपूत करणी सेना के राजकुमार रघुवंशी जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज, सिलवानी। राजपूत करणी सेना के प्रदेश प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव की सहमति से जिलाध्यक्ष ठाकुर अंकुश सिंह रघुवंशी के द्वारा मुआर ग्राम निवासी राजकुमार रघुवंशी को करणी सेना का रायसेन जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। श्री रघुवंशी की नियुक्ती पर मित्रो, शुभचिंतको, कार्यकर्ताओ आदि ने शुभकामना दी व उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



## मूंग खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जिम्मेदार केंद्रों का लें जायजा

### निर्देश देते हुए कहा स्कूलों का भी सतत निरीक्षण कर पढ़ाई और मिड-डे मील को जांचें

# कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक कर जिम्मेदारों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन, उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण, सीएम हेल्पलाईन, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन वितरण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल समय पर खुलें और शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूलों में उपस्थित रहे।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नियमित स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन वितरण की भी जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और मीनू अनुसार ही मध्यान्ह भोजन मिले। कहीं से भी निम्न गुणवत्ता के मध्यान्ह भोजन वितरण की शिकायत प्राप्त ना हो। उन्होंने विद्यार्थियों को कोर्स वितरण की भी जानकारी लेते हुए एसडीएम को निर्देश दिए कि स्कूलों का निरीक्षण कर देखें कि बच्चों को निःशुल्क किताबें वितरित हो गई हैं।




कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि को निर्देश दिए कि मूंग उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करें तथा शासन की उपार्जन नीति अनुसार मूंग उपार्जन कार्य पूर्ण कराएं।

उन्होंने एसडीएम को भी अपने क्षेत्रों में मूंग उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जरूरी व्यवस्थाएं कराएं।

इसी प्रकार आवारा या निराश्रित गौवंश सड़कों पर ना रहे, इसके लिए एसडीएम, जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी भ्रमण करें। साथ ही आवारा गौवंश को गौशालाओं में छुड़वाया जाए। जिन पशुपालकों द्वारा अपने गौवंश को सड़कों पर छोड़ा जा रहा है, उन्हें समझाइश दें और न माने तो 500 रुपए जुर्माने की कार्रवाई की जाए।

**कार्यालय नगर परिषद बाड़ी, जिला रायसेन (म.प्र.)**

क्रमांक/1127/लो.नि.शा./2025 — बाड़ी, दिनांक 15/07/2025

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न निर्माण कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट mptender.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है।

| एन.आई.टी. क्र./दि. | ऑनलाईन टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू.में) | अमानत राशि | कार्य की समयावधि वर्षाकाल सहित | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1093/ 10.07.2025 | 2025_UAD _436636_1 | निर्माण सामग्री विभिन्न प्रकार (सूची अनुसार) | 10.00 | 10000 | 31 मार्च 2026 वषार्काल साहित | 2000 |
| 1096/ 10.07.2025 | 2025_UAD _436630_1 | जे.सी.बी. मशीन मय डीजल आईल आपरेटर सहित ( किराये पर) | 05.00 | 5000 | 31 मार्च 2026 वषार्काल साहित | 2000 |
| 1095/ 10.07.2025 | 2025_UAD _436634_1 | फेब्रिकेशन कार्य (दरवाजा, खिडकी, चेम्बर शेड आदि कार्य) | 05.00 | 5000 | 31 मार्च 2026 वषार्काल साहित | 2000 |
| 1094/ 10.07.2025 | 2025_UAD _436635_1 | निर्माण सामग्री आर.सी.सी. पाईप विभिन्न साईज (सूची अनुसार) | 05.00 | 5000 | 31 मार्च 2026 वषार्काल साहित | 2000 |

निविदा की शर्तें-
(1) इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत जानकारी वेवसाइट mptender.gov.in पर देख सकते है।
(2) आनलाईन निविदा दिनांक 11.07.2025 से 25.07.2025 तक क्रय की जा सकेगी।
(3) आनलाईन निविदा दिनांक 28.07.2025 को खोली जावेगी।
(4) निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन होता है तो उसका प्रकाशन केवल वेवसाइट पर किया जावेगा समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**ममता धर्मेंद्र चौहान** अध्यक्ष नगर परिषद बाड़ी — **सुरेश पाल** उपाध्यक्ष नगर परिषद बाड़ी — **ज्योति शिवहरे** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बाड़ी